# बेहतर समाज के निर्माण के लिए प्रयास जारी रखें एनसीसी और एनएसएस वोलेंटियर्स : राधाकृष्णन

**गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेटों और एनएसएस स्वयंसेवकों को गवर्नर का सम्मान**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राजभवन में आयोजित समारोह में दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेटों और एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट और एनएसएस स्वयंसेवक समाज के विकास व एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए अपने प्रयासों को जारी रखें। एनसीसी और एनएसएस अपनी स्थापना काल से ही अलग-अलग गतिविधियों के जरिए युवाओं को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक गतिविधियों और देशभक्ति की भावना विकसित करने की दिशा में सक्रिय हैं।

**युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में सक्रिय** : राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण से संबंधित नहीं है, यह सामाजिक सेवा गतिविधियों पर भी जोर देता है। एनसीसी और एनएसएस युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में सक्रिय हैं। सामुदायिक विकास कार्यक्रमों जैसे रक्तदान, साक्षरता, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन में इनकी भागीदारी प्रशंसनीय है।

# नियोजन नीति 2021 में फिर मैथिली को नहीं मिली जगह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मैथिली भाषा संघर्ष समिति नियोजन नीति 2021 में मैथिली को शामिल नहीं किए जाने से निराश हैं। समिति के संयोजक अमरनाथ झा के मुताबिक इसके लिए अब राज्यपाल के पास फरियाद की जाएगी। झारखण्ड सरकार ने राज्य स्तरीय नियोजन नीति 2021 में क्षेत्रीय भाषा में पूर्व से 9 भाषा (जनजातीय एवं स्थानीय) के अलावे अलग से उर्दू, उड़िया एवं बंगला समेत कुल 12 भाषाओं को शामिल किया था। उच्च न्यायालय द्वारा इस नियम को निरस्त किया गया। पुनः2023 में संशोधित भाषा की सूची में हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत को शामिल किया गया है पर मैथिली को साइड कर दिया गया। शामिल किये गये भाषाओं के सम्बंध में कहा गया है कि इनकी यहां पढ़ाई होती है, जबकि अन्य भाषा की पढ़ाई नहीं होती है। उनके पाठ्यक्रम भी नहीं हैं। हकीकत कुछ और है। मैथिली एक प्राचीन भाषा है। मैथिली भारत के अष्टम अनुसूची के साथ राज्य के द्वितीय राजभाषा में भी शामिल है। सभी मापदंड को पूरा करने के बाद भी मैथिली को क्षेत्रीय भाषा में शामिल न करने से लाखों मैथिली भाषियों में आक्रोश है।

## फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

# जनवरी-फरवरी में 31 हजार बुखार पीड़ितों में 15 मरीज फाइलेरिया के




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एमडीए (फाइलेरिया विलोपन) कार्यक्रम 2023 के सफल संचालन को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि वर्ष 2023 में फरवरी माह तक कुल 30964 बुखार पीड़ितों की जांच की गई। जिसमें 15 मरीज पॉजिटिव पाए गए। ये फाइलेरिया के थे। इन पॉजिटिव मरीजों में एक पीएफ मलेरिया से ग्रसित पाया गया। सभी का उपचार किया जा चुका है तथा क्षेत्र में गहन निगरानी रखी जा रही है।

रांची जिले के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो और बुढ़मू में दिनांक 10-25 फरवरी 2023 तक एमडीए (फाइलेरिया विलोपन) कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कुल 307725 व्यक्तियों ने डीइसी एवं अल्बेंडाजोल का सेवन किया। इनमें 55 लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। कुल 93.6 प्रतिशत जनसंख्या को दवा का सेवन कराया गया। इसमें विभिन्न विभागों का सहयोग मिला तथा सभी स्कूलों में दवा सेवन कराया गया। जिले में अभी तक कुल 2774 हाथीपांव तथा 157 हाइड्रोसील के रोगी पाये गये। हाथीपांव रोगियों को एमएमडीपी किट वितरित किया जा रहा है जबकि हाइड्रोसील के रोगियों का ऑपरेशन कराया जा रहा है। वर्ष 2023 में अब तक कुल 71 हाइड्रोसील रोगियों का ऑपरेशन किया जा चुका है। कुल 334084 की जनसंख्या में से 307725 लोगों ने दवा का सेवन किया है।

बैठक के दौरान इस वर्ष में अगस्त महीने में चलाये जाने वाले एमडीए (फाइलेरिया विलोपन) कार्यक्रम पर भी चर्चा की गयी। संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अगले चरण में जिला के 13 सीएचसी में कार्यक्रम चलाया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कार्यक्रम के लिए माइक्रोप्लान बनाने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत जिला में फाइलेरिया विलोपन के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाते हुए कार्य करें।

समाहरणालय स्थित ब्लॉक ए में उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी-1 एवं 2, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ईकाई रांची, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि, जिला वीबीडी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो एवं बुढ़मू, प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बेड़ो एवं बुढ़मू, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बेड़ो एवं बुढ़मू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बेड़ो एवं बुढ़मू, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन, ईकाइ बेड़ो एवं बुढ़मू एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्री रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त और एसएसपी के साथ बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए मंगलवार को श्री महावीर मंडल राँची, श्री महावीर मंडल डोरंडा एवं श्री महावीर मंडल हिनू के पदधारियों, नेतृत्वकर्ताओं एवं अखाड़ाधारियों का दल उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी राँची कौशल किशोर के साथ मुलाकात कर अपनी बातों को रखा। जिसमें अखाड़ाधारियों ने वर्तमान में श्री रामनवमी महोत्सव में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सभी अखाड़ों एवं मंदिरों में साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था की जाए। शोभायात्रा के मुख्य मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ बैरकेडिंग की जाए तथा अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों की सुरक्षा का इंतजाम किया जाए।

उपायुक्त और एसएसपी ने सभी अखाड़ाधारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के समाधान का विश्वास दिलाया। श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में राजीव रंजन मिश्रा, रामधन बर्मन, ललित ओझा, अशोक पुरोहित, संजय पोद्दार, राज किशोर, अर्जुन गिरी, नकुल तिर्की, गोपक पारीक, राज किशोर, कैलाश केसरी, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, डॉ जीवधन प्रसाद, सुनील सहाय, प्रकाश चंद्र सिन्हा, मुन्ना अग्गरवाल, सुरेश यादव, युवराज पासवान, ज्योति शंकर साहू, बजरंग वर्मा, अमरदीप साहू, प्रकाश साहू, प्रदीप साहू ,पप्पू सिंह आदि थे।

# मोराबादी मैदान में आज से गांधी शिल्प बाजार मेला, 125 से अधिक स्टॉल लगे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोराबादी मैदान में आज गांधी शिल्प बाजार मेले का उद्घाटन होगा। मेले में नाबार्ड के सीजीएम, झारक्राफ्ट के डायरेक्टर तथा एमएसएमई के निदेशक मुख्य अतिथि होंगे। मेले में कुल 125 से अधिक स्टॉल लगाए गये हैं जिसमें दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड,मध्य प्रदेश इत्यादि से आए कलाकार अपनी हुनर का प्रदर्शन करेंगे। यहां खाने पीने के लिए 10 फूड स्टॉल भी खोले जायेंगे। मनोरंजन के लिए प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जाएगा।

मेले का मुख्य आकर्षण बांस शिल्पगन के लिए विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्था की सहायता से बांबू टूलकिट का वितरण, जो कि 50 बांस शिल्पयों को दिया जाना है। बताते चलें कि छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी एक स्वयंसेवी सामाजिक संस्था है, जिसका मुख्य उद्देश्य झारखंड के गरीब होनहार हस्तशिल्पयों का पुनर्उत्थान करना है। मेले के आयोजकों का अनुरोध है कि लोग मेले में आएं और देश के कोने-कोने से आए हुए कलाकारों का हौसला बढ़ाएं।

## खबर एक नजर में

### वेद प्रताप के निधन से सीएम दु:खी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार डॉ वेद प्रताप वैदिक जी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ वेद प्रताप जी के चले जाने से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु :ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### आज लालपुर, नेताजी नगर में दो घंटे बिजली नहीं

**रांची।** बुधवार को 11 केवी पावर हाउस और 11 केवी नामकुम फीडर सुबह 10 बजे से दिन के 12 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण को लेकर यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम किया जाएगा। इस कारण गढ़ा टोली, डंगरा टोली, लालपुर, मौलाना आजाद कॉलानी, भुईयां टोली, नेताजी नगर व आसपास के क्षेत्रों में दो घंटे बिजली नहीं रहेगी।

### श्री शतचंडी महायज्ञ को सीएम को दिया निमंत्रण



**रांची।** आगामी 22 मार्च से आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए आयोजन समिति की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निमंत्रण दिया गया। आयोजन समिति की कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा के नेतृत्व में मंगलवार को सीएम से मिलकर उन्हें महायज्ञ में शामिल होने का न्योता दिया गया। सीएम ने आयोजन समिति के न्योते को स्वीकार करते हुए आने की हामी भरी। इस दौरान समिति के कई अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### डोरंडा कॉलेज में हस्तकला शिल्प प्रदर्शन संपन्न

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय रांची में आयोजित दो दिवसीय हस्तकला शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। समारोह पर सोहराय, एपलीक, लाह, जुट, मेकरोन, कारपेट, डोखरा क्राफ्ट, बम्बु क्राफ्ट जैसी विभिन्न हस्तशिल्प कला में महाविद्यालय के कुल एक सौ पचास विद्यार्थी प्रतियोगिता व कार्यशाला में शामिल हुये, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम स्थान मेकरोन में विजय कुमार, आरती कुमारी सोहराय पेंटिग द्वितीय स्थान, बाम्बु क्राफ्ट में विक्रम चौधरी को तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार में सोनी कुमारी जुट क्राफ्ट, नेहा कुमारी डोखरा, रविकांत लाह, रिया जयश्री जूट, सुजीत तिग्गा टेराकोटा, साहिस्ता नाज एपलिक एवं दिलीप कुमार यादव कारपेट को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीपी वर्मा ने पुरस्कृत किया।

### तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न केस में बयान दर्ज

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में सभी आरोपियों के 313 का बयान दर्ज किया गया। 313 का बयान अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों का बयान दर्ज होने के बाद होता है। रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में इस केस के आरोपी रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन, मुश्ताक अहमद और कौशल्या रानी का बयान दर्ज किया गया। सभी आरोपियों ने अपने बयान में खुद को निर्दोष बताया है। आरोपों को निराधार बताया है। 313 का बयान होने की प्रक्रिया के बाद अब बचाव पक्ष अपनी ओर से गवाह प्रस्तुत करेगा। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किए हैं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं।

### सविता सिंह ने सिखाया कानून का ककहरा

**इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज ने महिलाओं के बीच बांटी साड़ी**

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज ने मंगलवार को सुकुरहुटू के एक गांव में महिलाओं को अपने अधिकारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कानून की जानकार सविता सिंह ने उन्हें उनके हक के बारे में बताया। उन्हें कानून का ककहरा पढ़ाया और कहा कि वह किसी भी मामले में डरे नहीं, बल्कि उसका डंटकर मुकाबला करें। वो अपने अधिकारों को जानें और लड़ें, ताकि उनको भी समाज में सम्मान मिले। साथ ही वहां की ग्रामीण महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ कविता तिवारी, पिंकी पॉल, वीणा अग्रवाल, रश्मि खैतान, सविता सिंह, रानी सिंह, रेणु चौधरी इत्यादि भी उपस्थित थे।

# चावल दिवस पर जनवरी-फरवरी का खाद्यान्न वितरण करें : डीएसओ

**महीने की 15, 16, 25 और 26 तारीख को चावल दिवस का आयोजन**



उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रत्येक महीने की 15, 16, 25 और 26 तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हर महीने के 15 मार्च से आयोजित किये जाने वाले चावल दिवस पर जनवरी और फरवरी के आवंटित खाद्यान्न का वितरण अनिवार्य रूप से किये जाने को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विपणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र, रांची और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने 15 मार्च को आयोजित किये जानेवाले चावल दिवस को व्यापक और प्रभावी रुप से मनाते हुए जनवरी 2023 और फरवरी 2023 का खाद्यान्न वितरण कार्य अनिवार्य रुप से करने का निदेश दिया है।

माह फरवरी 2023 के लिए आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध 72 प्रतिशत और माह मार्च 2023 के लिए आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध मात्र 04 प्रतिशत ही वितरण किया गया है। आपको बतायें कि रांची जिला में जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने को लेकर चावल दिवस का आयोजन करने के लिए पूर्व में ही उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिशा निर्देश दिये गये थे।

# श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति ने निकाली पहली मंगलवारी शोभायात्रा



**खबर मन्त्र संवाददादता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरण्डा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में रामनवमी की पहली मंगलवारी शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गयी। शहर के विभिन्न मार्गों से होकर राजेंद्र चौक स्थिति शिव मंदिर महावीर मंदिर में समाप्त हुई जहां पूजा अर्चना के उपरांत सभी अखाड़े अपने-अपने परंपरागत मार्गों से वापस अपने-अपने अखाड़ों में लौट गये।

सभी अखाड़े धारी गाजे-बाजे के साथ हर्षोल्लास के साथ जय श्रीराम के नारे लगाते हुए अस्त्र शास्त्र का प्रदर्शन करते हुए शोभायात्रा में शामिल शोभायात्रा के पूर्व सभी अखाड़ों में झंडा स्थापित किया गया एवं अखाड़ों में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस शोभायात्रा में बजरंग प्रसाद गुप्ता, सुरेश प्रसाद, जोगेश्वर दोगे, मनोज नायक, मनोज वर्मा, अंकित सिंह, रोहित ठाकुर, दीपू वर्मा, शुभम वर्मा, नीरज गुप्ता, सनी कुमार, अमर भारती, विजय वर्मा, सनी गुप्ता, रिंकू गुप्ता के अलावा सभी अखाड़ों एवं मंडल के सभी पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

# झारखंड में आयुष चिकित्सा को बढ़ावा मिले : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को राज्यसभा में आयुष चिकित्सा पद्धति से संबंधित सवाल पूछा। दरअसल, आदित्य साहू ने झारखंड में आयुष चिकित्सा पद्धति की मांग की है। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत सरकार केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के माध्यम से स्वायत्त संगठन कार्यरत है। इसके माध्यम से संबंधित चिकित्सा पद्धतियों में वैज्ञानिक सत्यापन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। झारखंड में आयुष प्रशिक्षण केलिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना की जानी चाहिये। उन्होंने बताया कि केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम के तहत 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना और नये आयुष कॉलेजों की स्थापना केलिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इसका लाभ राज्य सरकार को लेना चाहिए।

## एनसीआरबी की रिपोर्ट : मानव तस्करी के कुल मामलों में 4.2 प्रतिशत झारखंड के

# मानव तस्करी : टॉप पांच राज्यों में झारखंड आठवें नंबर पर!

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मानव तस्करी के मामले में जहां देश के पांच राज्य टॉप पर है वहीं, झारखंड मानव तस्करी के मामले में आठवें नंबर पर है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, मानव तस्करी के जितने मामले पूरे देश में सामने आते हैं, उनमें से 4.2 फीसदी घटनाएं झारखंड में होती है। दो साल पूर्व एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, मानव तस्करी के 2, 189 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 56. 6 फीसदी यानि 1, 239 मामले सिर्फ पांच राज्यों महाराष्ट्र, केरल, आंधप्रदेश और तेलंगाना में रिकॉर्ड किए गए हैं। 44 फीसदी केस बाकी के राज्यों में रिकॉर्ड किए गए।



आंकड़े बता रहे हैं कि तेलंगाना में सबसे ज्यादा मानव तस्करी की घटनाएं दर्ज की गई है। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, तीसरे स्थान पर असम, चौथे स्थान पर केरल और पांचवे स्थान पर आंधप्रदेश शामिल है। टॉप पांच राज्यों के बाद ओड़िशा, बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और झारखंड शामिल है।

**झारखंड मानव तस्करी के लिए प्रमुख स्रोत बनकर उभरा :** झारखंड आज भारत में मानव तस्करी के लिए प्रमुख स्त्रोत के रूप मे उभरा है। झारखंड में अधिकांश तस्करी आदिवासी की होती है जिन्हें घरेलू श्रम के लिए महानगरों में भेजा जाता है। दिल्ली जैसे शहरों कई अवैध प्लेसमेंट एजेंसी सामने आई है। ये एजेंसियां रोजगार मुहैया कराने के नाम पर ज्यादातार मासूम लड़कियों की तस्करी में कानूनी खामियों का फायदा उठाती है। इन लड़कियों के लिए प्रतिदिन 12 से 14 घंटे काम का नियमित अभ्यास है। कई का शारीरिक और यौन शोषण होता है। कुछ पीड़ितों को बंधुआ मजदूरी और जबरन विवाह के उददेश्य से हरियाणा और पंजाब ले जाया जाता है।

**तस्करी प्लेसमेंट एजेंसी रैकेट के माध्यम से :** रिकॉर्ड के मुताबिक, झारखंड के बच्चों की तस्करी ज्यादातर दिल्ली में सुव्यवस्थित प्लेसमेंट एजेंसी रैकेट के माध्यम से होती है। ये प्लेसमेंट एजेंसियां दिल्ली, फरीदाबाद, गुड़गाव और नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आदिवासी बच्चों की आपूर्ति करती है। ये एजेंसियां ज्यादातर 11 से 16 साल की किशोरी को अपना निशाना बनाती है जो शोषण के बाद भी चुप्पी साधे रहते हैं। अवैध व्यापार करनेवाले लोगों को भीड़-भाड़ वाले कमरों में रखा जाता है। कुछ को शादी के लिए बेच दिया जाता है, जहां वे सभी रूपों में कभी न खत्म होनेवाले दुर्व्यवहार का शिकार होती है।

> राज्य से मानव तस्करी के मामले में सुरक्षा एजेंसी तो तत्पर हुई है, लेकिन फिर मानव तस्कर उनकी आंखों में धूल झोंककर नाबालिग को दूसरे राज्यों में ले जा रहे हैं। समय-समय पर पीड़ितों को बरामद भी किया जाता है।
>
> **सीता स्वांसी**
> **निदेशक, दीया सेवा संस्था**

# आइटीआइ भवनों को चालू करने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** राज्य के जिलों एवं कुछ प्रखंड मुख्यालयों में बने आईटीआई भवन के चालू हालत में नहीं होने से संबंधित डॉ भीम प्रभाकर की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। अदालत ने मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार से पूछा है कि यह आईटीआई संस्थान कब तक शुरू कर दिया जाएगा और और यहां कब तक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार ने बताया था कि जो आईटीआई भवन बने हैं उनमें इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के लिए रूल फ्रेम कर दिया गया है। वर्ष 2008 से वर्ष 2010 के बीच राज्य के जिलों एवं कुछ प्रखंड मुख्यालय में आईटीआई भवन बनाए गए थे।

# खतियान आधारित नियोजन नीति जल्द लागू करे राज्य सरकार : देवेंद्रनाथ महतो

**कैबिनेट की बैठक में 60-40 वापस करे सरकार, यहां दूसरी नीति नहीं चलेगी**

**रांची।** छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि राज्य का नियोजन नीति रद्द हुए तीन महीने हो गये। परंतु राज्य में अब तक नई नियोजन नीति लागू नहीं की जा सकी है। नियुक्ति प्रक्रिया थम गयी है। इससे राज्य के छात्रों में भारी आक्रोश है। यह बातें उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में मंगलवार को कही। छात्रों ने तथाकथित रूप से आने वाली नियोजन नीति में 3 बिंदुओं पर नाराजगी जाहिर की। इनमें झारखंडी विरोधी 60-40 नियोजन नीति कैबिनेट में लाने का विरोध किया गया। यहां के क्षेत्रीय भाषा हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, उर्दू को अनावश्यक जोड़े जाने का विरोध किया गया तथा क्षेत्रीय रीति रिवाज के बैरियर को ध्वस्त कर नयी नीति लायी जा रही है। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार झारखंडी छात्र हित में 60-40 नियोजन नीति को पुनः वापस लेते हुए,नई खतियान आधारित नियोजन नीति पर मुहर लगाये, अन्यथा 20 मार्च (सोमवार) को विधानसभा का महाघेराव किया जाएगा। मौके पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, जोगेश चंद्र भारती, वरुण कुमार, अनूप, धनेश्वर, पंकज, जादू,निखिल मेहुल आदि मौजूद थे।

# चार चरणों में होगा स्वच्छोत्सव अभियान का कार्यक्रम : डॉ किरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 8 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक स्वच्छोत्सव -2023 कार्यक्रम मनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम सभागार में सभी एरिया लेविल फेडरेशन के साथ बैठक की गयी। स्वच्छोत्सव का यह अभियान चार चरणों में किया जाएगा। जिसके प्रथम चरण में महिला आइकॉन अग्रणी स्वच्छता पुरस्कार, द्वितीय चरण में स्वच्छता यात्रा, तृतीय चरण में जीएफसीए इन्फ्लुएंसर्स नेटवर्क तथा चौथे चरण में स्वच्छता मशाल मार्च एवं स्वच्छता के शपथ का कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी के अलावा नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑरगेनाइजेश के कोऑर्डिनेटर तथा सभी एएलएफ शामिल थे।

# पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 12 मामलों को सुलझाया

## अभियान के पहले दिन कुल 11 मामलों में मिली सफलता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान जारी है। 17 मार्च तक मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते हैं। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, घरेलू हिंसा के मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं।




ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 33 (तैंतीस) मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 12 (बारह) मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के सचिव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह पांच दिवसीय मध्यस्थता अभियान 13 मार्च से आरंभ है व 17तक चलेगा, जिसमें वादकारी अपने वाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

# पारसनाथ में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन 19 मार्च को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2022-24 की कोयलांचल प्रमंडलीय अधिवेशन सह प्रथम कार्यकारिणी समिति की बैठक 19 मार्च को पुनीत एवं धार्मिक स्थल श्रीसम्मेद शिखरजी (पारसनाथ) के सिद्धायतन परिसर, मधुबन में गिरिडीह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में सुनि्रित हुआ है। इस बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, महामंत्री रवि शंकर शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज बजाज, अरुण बुधिया, कोषाध्यक्ष राहुल मारू, संगठन मंत्री प्रदीप राजगढ़िया, संयुत महामंत्री सौरव सरावगी, सुभाष पटवारी सहित राँची से 50 सदस्यदल एवम सभी प्रमंडलीय पदाधिकारीगण, संरक्षक गण, कार्यकारिणी सदस्यगण, परामर्श दात्री समिति सदस्यगण, एवं सभी जिला के अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रतिनिधिगण भाग लेंगे। कोयलांचल प्रमंडलीय अधिवेशन गिरिडीह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष का संबोधन, कोषाध्यक्ष द्वारा रिपोर्ट, सदस्यता विस्तार, संविधान संशोधन, शिक्षा ट्रस्ट एवं राजनीति में भागीदारी पर विचार विमर्श किया जाएगा। आचार संहिता हेतु प्रस्ताव, सभी जिलों में शाखा खोलने पर विचार सहित अन्य कई मुद्दों पर विचार- विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज बजाज ने दी है।

# प्रेम मित्तल को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का निदेशक बनाया जाना गर्व की बात : सुरेश चंद्र

## कई संस्थाओं ने प्रेम मित्तल को दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के परामर्श दात्री सदस्य प्रेम मित्तल को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निदेशक मनोनीत किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति एवं अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने श्री मित्तल को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है आपके नेतृत्व में बैंक के कामकाज के कार्यों में तरक्की होगी। संजय सर्राफ ने कहा है कि भारत सरकार ने प्रेम मित्तल को



झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में 3 वर्ष के लिए डायरेक्टर नियुक्त किया है। इस उपलब्धि के लिए पूरा समाज उत्साहित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बधाई देने वालों में अशोक नारसरिया, कौशल राजगढ़िया, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, पवन पोद्दार, अनिल अग्रवाल, कमल जैन, सज्जन पाड़िया, विनोद जैन, रतन मोर, किशोर मंत्री, पवन शर्मा, सुरेश जैन, कमल खेतावत, प्रमोद अग्रवाल, निर्मल बुधिया, सुनील केडिया, रमाशंकर बगड़िया, आनंद जालान, राजेश भरतिया, विजय कुमार खोवाल, रमन बोड़ा, अजय डीडवानिया, सुनील पोद्दार, मनीष लोधा, अजय खेतान, अशोक लाठ, विकास अग्रवाल, नारायण विजयवर्गीय, सुमिता लाठ, प्रकाश चंद्र नाहटा, किशन पोद्दार, नरेश बंका, भरत बगड़िया, शिव शंकर साबू, आकाश अग्रवाल, किशन अग्रवाल आदि शामिल है।

# रांची रेल मंडल से चलने वाली कई ट्रेन डायवर्ट

➲ **इंटरलॉकिंग के कारण दो ट्रेनें प्रभावित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नॉन इंटरलॉकिंग और लाइन दोहरीकरण के कारण रांची डिवीजन से चलने वाली ट्रेन का रूट डायवर्ट किया गया है। जबकि दो ट्रेनों के टाइम में बदलाव किया गया है। जिसके तहत जबलपुर मंडल के अंतर्गत कटनी-सिंगरौली रेलखंड के दोहरीकरण हेतु निवास रोड, भरसेंडी, सुरसराईघाट झारा एवं सरई ग्राम स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन संख्या 18009 सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन (वाया मूरी) यात्रा प्रारंभ 17/03/2023 को अपने निर्धारित मार्ग गढ़वा रोड, चोपन, कटनी मुड़वारा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, कटनी मुड़वारा होकर चलेगी।

**ये ट्रेनें प्रभावित रहेंगी**

वहीं सोलापुर मंडल के अंतर्गत दौण्ड-मनमाड़ रेलखंड के दोहरीकरण हेतु बेलापुर, चितली एवं पुनतांबा स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण निम्नांकित ट्रेंनें प्रभावित रहेंगी। ऐसे में ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22/03/2023 को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग दौंड, वाडी, सिकंदराबाद, बल्हारशाह, नागपुर होकर चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 15/03/2023 एवं यात्रा प्रारम्भ 19/03/2023 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय 10 :45 बजे के स्थान पर 4 घंटे 40 मिनट विलंब से अर्थात 15 :25 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी।

# अमृत रूपी द्रव्य है श्रीमद्भागवत कथा : पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री

## गौ माता को समर्पित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हुटुप गौशाला में गौ माता को समर्पित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को वृंदावन से आये पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद भागवत स्वरूप पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्रीमदभागवत कथा ऐसा फल है, जिसमें न ही गुठली है और न ही छिलका। इससे सिर्फ रस है। श्रीमद भागवत का जन्म नारायण से हुआ है। इसको सुनने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जो लोग श्रीमद भागवत कथा सुनते हैं, उनका जीवन जीने का भाव एक



अलग हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा अमृत रूपी द्रव्य है, तो इसे सुनने वाला भी विशेष पात्र होना चाहिए।

पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने धर्म और परमधर्म की व्याख्या करते हुए हा कि धर्म को धारण करने की शक्ति को ही धर्म कहते हैं। वहीं, भगवान के चरणों में प्रीति रखना ही परमधर्म है। भगवान से जो भी फल मिल रहा है, वो हमारे जीवन को महत्व बनाता है। श्री गोपीकृष्ण सेवा संस्थान रांची के तत्वावधान में आयोजित यह कथा 18 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

# धूमधाम से मनेगी श्री रामनवमी महोत्सव : लंकेश झा

➲ **नयी कार्यकारिणी का गठन**

➲ **राजीव रंजन मिश्रा संरक्षक, लंकेश सिंह अध्यक्ष, पवन झा महासचिव मनोनीत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार को श्री राम बानर सेना की वार्षिक बैठक श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड राँची के प्रधान कार्यालय में हुई। बैठक में वर्ष 2023-24 की श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का



निर्णय लिया गया। लंकेश सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि इस वर्ष भी पूर्व वर्षों की भांति भव्य झांकी आदि की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा, राजीव चटर्जी, हरिनारायण सिंह, ऋषिनाथ शाहदेव, संजय सहाय, सूरजभान सिंह, किशोर साहू को, अध्यक्ष - लंकेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष - मंटू लाला, उपाध्यक्ष - विक्रम सिंह, सतीश पांडेय, अखिलेश राय, बबलू सिंह, महासचिव- पवन कुमार झा, सचिव - अविनाश सिंह, सतेंद्र रजक, मिंटू सिंह, सूरज पांडेय, चंदन गुप्ता, संगठन मंत्री- सुदामा सिंह, शिव जी, राणा रणवीर, नीरज पांडेय सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। मौके पर ओमकार दास त्यागी, वीरू दास, लाल दास सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

# महिलाओं को हक के लिए खुद से ही लड़ना होगा : डॉ वंदना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी लालपुर में मंगलवार को एनएसएस के सहयोग से वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम वक्ता के रूप में निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व और उसकी जरूरत पर महिलाओं और छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण की बात करें तो सबसे पहले अपने हक के लिए सबसे पहले खुद से ही लड़ना होगा, ताकि दुनिया से लड़ने के लिए अपने आप को तैयार कर सकें और अपने को मजबूत बना सकें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास के बढ़ने से ही हम आत्मसम्मान हासिल कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव ने लैंगिक समानता पर अपनी बात रखते हुए प्रतिभागियों को उत्साहित किया। डॉ प्रदीप मुंडा ने महिलाओं पर आदिकाल से होने वाले मानसिक और शारिरिक प्रताड़ना पर बोलते हुए इस दिवस को और मजबूती प्रदान करने की बाते रखी। महिला दिवस में डॉ महुवा, डॉ मिलि दत्ता डॉ स्वाती मिंज अनुपमा सहाय ने महिलाओं की आत्म विश्वास और आत्मनिर्भर बनाने के अपने अपने विचारों से छात्र छात्राओं को उत्साहित करने और देश के लिए अपनी उपलब्धियों पर साथ साथ चलने पर जोर दिया। डॉ उमेश कुमार, डॉ संदीप शाहदेव, डॉ प्रशांत सिंह, विजया लक्ष्मी एलिस टोप्पो, मिनी दुबे, अनामिका कुमारी, सरिता तिग्गा डॉ अनीश हैदर ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों को उत्साह बढ़ाया। मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में ऋषि, सिमरन, अर्चिता मोदी, स्नेहा सिंह, शालिनी पांडेय, दानिश राजा, विराज, अनुरिमा सहित भारी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राणा प्रताप मिश्रा ने दी।

# रांची विवि में डॉ एके चट्टोराज ने संभाला पद

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग में नए विभागाध्यक्ष डॉ. एके चप्तोराज ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। कॉमर्स के शिक्षकों और शोधार्थियों ने उनका स्वागत किया। डॉ. चट्टोराज ने कहा कि शोधकर्ताओं व छात्रों के लिए हर तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक पहल करेंगे। शोधार्थी गौरव अग्रवाल ने कहा कि आशा करता हूं कि अब वाणिज्य विभाग में छात्र व शोधकर्ताओं के हित को ध्यान में रखा जाएगा। मौके पर डॉ. स्वेता, डॉ पंकज, सिमरन, नेहा, अमित, हेमंत, रितिक शामिल रहे।

# रिनपास के प्रभारी निदेशक के खिलाफ एसीबी में कंप्लेन

➲ **विवादों में रही है जयंती शिमलई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिनपास की प्रभारी निदेशक जयंती शिमलई के खिलाफ मुख्यमंत्री सचिवालय, निगरानी विभाग और एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) में शिकायत की गई है। यह शिकायत रांची के रहने वाले उत्तम कुमार ने किया है। जयती शिमलई के खिलाफ वित्तीय अनियमितता का गंभीर आरोप लगाया गया है। साथ ही शिमलई के कार्यकाल में अब तक हुए विभिन्न तरह के टेंडर और स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद की जांच की मांग भी की गई है। आवेदन में कहा गया है कि जयती शिमलई के कार्यकाल में हुए सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति के लिए हुए टेंडर और दवा खरीद के टेंडर में मनमानी की गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय और एसीबी ने उत्तम कुमार की शिकायत की कॉपी की रिसीविंग दे दी है। शिकायतकर्ता ने यह मांग की है कि जयंती शिमलई के खिलाफ पीइ दर्ज कर जांच की अनुमति दी जाए।

**विक्षिप्त महिला को कार से कुचलने के मामले में दर्ज हो चुका है एफआइआर**

सात अगस्त, 2022 को रिनपास की विक्षिप्त महिला मरीज की मौत के बाद से प्रभारी निदेशक जयती सिमलई विवादों में थीं। क्योंकि मरीज की मौत डॉ जयंती सिमलई की कार की चपेट में आने से हुई थी। इसी मामले में कांके थाना में रिनपास के प्रभारी निदेशक डॉ जयंती सिमलाई के खिलाफ 420,279,304(अ) धारा आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सिविल कोर्ट में दायर कम्प्लेन केस में सुनवाई करते हुए ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) ने कांके थाना को मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। उसी आदेश के आलोक में डॉ जयति सिमलाई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# सीआइटी में विद्यार्थियों को मिला बीआईएस का प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व उपभोक्ता दिवस पर भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले (बीआईएस) खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से कैंब्रिज इंस्टीट्यूट के इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन विभाग के संयुक्त निदेशक (जमशेदपुर शाखा) कौशलेंद्र कुमार व सौरभ राय ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को हॉल मार्क, आईएसआई मार्क, उत्पादों के पंजीकरण के अलावा क्वालिटी



कनेक्ट प्रोग्राम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सीआईटी के प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी, सीआईपी के प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा, डीन डॉ ए भप्ताचार्या, डॉ केपी दत्ता, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रो.अब्दुल रज्जाक, प्रो. विनोद कुमार प्रो. दिव्यांस आयन के आलावा कैंब्रिज ग्रुप के एडवाइजर डॉ एम एन बंदोपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सीनियर राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ी पूणे रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महाराष्ट्र के पुणे में 16 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित 21वीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड से 10 सीनियर दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेने के लिए रांची रेलवे स्टेशन से पुणे के लिए रवाना हुए। टीम के साथ कोच मुकेश चौबे एवं टीम अधिकारी गणेश प्रसाद भी साथ में गए हैं। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भागीदारी हेतू उनके द्वारा निर्धारित मापदंड के नियमानुसार झारखंड से 10 सीनियर पैरा खिलाड़ी रोहित यादव, अनाम हैदर, शोएब अंसारी, रोहित कुमार, हरिलाल टूडू, मो. आजाद, पवन कुमार, चंदन कुमार, आकाश कुमार सिंह एवं काजल कुमारी चैंपियनशिप में भाग लेने रांची से पुणे के लिए रवाना हुई।




झारखंड सरकार ने भी राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, जूते तत्काल मुहैया कराई। टिस्को टाटा ने भी सकारात्मक पहल करते हुए सभी खिलाड़ियों को ड्रेस एवं अन्य खेल सामग्री प्रदान की। कमेटी के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन मे पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के अध्यक्ष शशि रंजन सिंह, उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, कमेटी के सीईओ सुनील विश्वास, स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, अतुल चंदन, नीरज भप्त, आकाश अग्रवाल, सरोज बाला, एवं संजय सर्राफ ने सभी खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

## खबर एक नजर में

### माता शीतला की आराधना करने से कष्ट होते हैं दूर

**रांची।** हिंदू धर्म में हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतलाष्टमी मनाई जाती है। इसी कड़ी में इस बार 15 मार्च को शीतला अष्टमी की पूजा मनायी जाएगी। संजय सर्राफ ने बताया कि शीतला अष्टमी को बसौड़ा अष्टमी भी कहा जाता है। बसौड़ा शीतला माता को समर्पित त्यौहार है। यह व्रत होली के आठवें दिन पड़ता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान शीतला माता की विधि विधान से पूजा करने से बीमारियों से मुक्ति मिलती है। घर में सुख शांति आती है। हिंदू धर्म में शीतला अष्टमी का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि इस दिन माता शीतला की आराधना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### अंजुमन प्लाजा हॉल में सम्मेलन 16 को

**रांची।** ऑल इण्डिया शाह/साईं कमिटी ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. असीरुद्दीन शाह ने मंगलवार को बताया कि 16 मार्च को राजधानी



रांची के अंजुमन प्लाजा हॉल में शाह/साईं जाति सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में रांची सहित झारखण्ड के विभिन्न जिलों से समाज के बुद्धिजीवी शामिल होंगे। झारखण्ड में हमारी जाति एवं उपजाति की आबादी लगभग पांच लाख है और मुख्य पेशा मजारों का मोजावर तथा तकियादारी व शिक्षा देती रही है। झारखण्ड अंदोलन में भी शकील शाह, आदिल शाह आदि ने अहम भूमिका निभाई है बावजूद उसके झारखण्ड में शाह/साईं बिरादरी की स्थिति चिन्ताजनक है। जिसको लेकर 16 मार्च को शाह/साई बिरादरी के सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में झारखण्ड सरकार के कई मंत्री एवं विधायक समेत मुस्लिम समुदाय के बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन अपूरणीय क्षति : राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक के निधन पर शोक प्रकट किया है। प्रसाद ने कहा वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार व विशेषज्ञ थे। कहा कि वेद प्रताप वैदिक का निधन पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रसाद ने कहा कि वेद प्रताप वैदिक एक गंभीर और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे।

### श्री साहित्य कुंज के चतुर्थ वार्षिकोत्सव में पुस्तक विमोचन

**रांची।** श्री साहित्य कुंज का वार्षिकोत्सव होटल सिटी पैलेस लालपुर में धूमधाम से मनाया गया। इसमें दो साझा संकलन काव्य गुंजना व नटखट बचपन के साथ वार्षिक



पत्रिका साहित्य संवाहक का लोकार्पण किया गया। यहां की तीन रचनाकार निर्मला कर्ण को कथा एक मासूम की, कविता रानी को कहानी संकलन रिश्तें के लिये व विभा वर्मा जी को काव्य पुस्तक काव्यारूण और जमशेदपुर की आरती श्रीवास्तव विपुला को उनकी पुस्तक स्वारग के लिये ष्साहित्य नवप्रभा पुस्तक सम्मान से सम्मानित किया गया। मंच के वार्षिक प्रतियोगिता के सम्मान पत्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डा हरेराम चेतन त्रिपाठी, मधु मसूरी हसमुख ने मंच की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसेनजीत तिवारी, आर्य युवासमाज मध्य प्रदेश के डॉ भानुप्रताप वेदालंकार, राजवीर सिंह, प्रशांत कर्ण, रेणु झा रेणुका, वीणा पांडेय भारती की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथियों में निवेदिता श्रीवास्तव, पदमा प्रसाद, माधवी उपाध्याय, रीना सिन्हा, रीना गुप्ता थीं। सरस्वती वंदना माधवी उपाध्याय ने किया। मंच के सभी सक्रिय सदस्यों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ऋतुराज वर्षा को मीडिया प्रभारी का विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मंच संचालन खुशबू बरनवाल ने किया व पुस्तक समीक्षा मंच की अध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी ने की। धन्यवाद ज्ञापन संस्थापिका मनीषा सहाय श्सुमन ने किया।

